## एक नजर में

### सीसीआई द्वारा कपास खरीदी का मुहूर्त

**कसरावद, निप्र।** कृषि उपज मंडी समिति कसरावद में आज सीसीआई द्वारा कपास खरीदी का मुहूर्त किया गया।मंडी में 06 वाहन की आवक रही।सीसीआई अधिकारी श्री प्रितेश सुरांजे द्वारा 7690-8010 रुपये मे खरीदी की गयी।उनके द्वारा बताया गया की कृषक भाई अपना कपास सुखा कर लावे । 12 प्रतिशत से कम नमी एवं अच्छी क्वॉलिटी के कपास की खरीदी ष्द्ध द्वारा की जावेगी। अत: जिन किसानो को पंजीयन के मेसेज प्राप्त हो गए है वह किसान स्लॉट बुक कर अपनी कृषि उपज (कपास) मंडी प्रांगण कसरावद मे विक्रय हेतु ला सकते है।

### प्रधान न्यायाधीश द्वारा जेल का निरीक्षण किया

**कसरावद, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर अखिलेश जोशी द्वारा कसरावद जेल का निरीक्षण किया गया।आपने जेल की व्यवस्थाओं के संबंध में बंदियों से जानकारी ली भोजन पानी की जानकारी भी ली आपने दंडित बंदियों से अपील संबंधी जानकारी ली जिन बंदियों द्वारा अपील नहीं की गई उनकी अपील के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रीति जैन द्वारा भी बंदियों से जानकारी ली गई।जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती श्वेता मीणा से दंडित बंदियों की जानकारी लेकर पी एल वी के माध्यम से बंदियों का डाटा एकत्रित किया गया।इस अवसर पर एल ए डी सी एस असिस्टेंट निशा कौशल पी एल वी आकिल खान एवं दुर्गेश राजदीप भी उपस्थित रहे।



### विधिक सेवा अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश ने सचिव के साथ किया निरीक्षण

**मंडलेश्वर, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर अखिलेश जोशी द्वारा सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई के साथ सब जेल मंडलेश्वर का निरीक्षण किया गया।आपने जेल की व्यवस्थाओं के संबंध में बंदियों से जानकारी ली भोजन पानी की जानकारी भी ली आपने दंडित बंदियों से अपील संबंधी जानकारी ली जिन बंदियों द्वारा अपील नहीं की गई उनकी अपील के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रीति जैन द्वारा भी बंदियों से जानकारी ली गई।जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती श्वेता मीणा से दंडित बंदियों की जानकारी लेकर पी एल वी के माध्यम से बंदियों का डाटा एकत्रित किया गया।इस अवसर पर एल ए डी सी एस असिस्टेंट निशा कौशल और पी एल वी दुर्गेश राजदीप उपस्थित रहे।



### करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया

**मंडलेश्वर, निप्र।** क्षत्रिय राजपूत समाज मंडलेश्वर द्वारा करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा का कसरावद फाटे पर भव्य स्वागत किया गया वे कसरावद में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंदौर से कसरावद जाते समय कुछ देर मंडलेश्वर में रुके और समाज जनों से आत्मीय मुलाकात की।क्षत्रिय राजपूत समाज के वरिष्ठ महेंद्र सिंह सोलंकी झापडी, रामचंद्र पटेल खराड़ी , त्रिभुवन सिंह मंडलोई दीपक सिंह कुशवाह,मयंक सिंह ठाकुर सुनील सिंह सोलंकी सहित राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।प्रदेश अध्यक्ष द्वारा समाजजनों और पदाधिकारियों से राजपूत समाज की गतिविधियों की जानकारी ली।




### सनावद मोरटक्का में नर्मदा स्नान के दौरान युवक डूबा, मौत

**सनावद, निप्र।** नर्मदा नदी में स्नान के दौरान एक 32 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे विरक्त कुटी आश्रम के पास बालकानंद घाट पर हुई। मृतक की पहचान रविशंकर निवासी रामपुर नैकिन, जिला सीधी (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। मृतक का मित्र नीरज ने बताया कि रविशंकर पीथमपुर स्थित श्याम सेल्स कंपनी में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। वह स्वयं उसी कंपनी में हेल्पर है। बुधवार शाम दोनों इंदौर से बड़वाह आए थे और नावघाट खेड़ी में बाल हनुमान मंदिर के पुजारी व रविशंकर के रिश्तेदार शिवम तिवारी के घर रुके थे। सुबह ओंकारेश्वर जाने का प्लान था, किंतु रविशंकर ने नर्मदा स्नान की इच्छा जताई। ओंकारेश्वर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा का जल स्तर काफी ऊंचा था।शिवम तिवारी ने जल स्तर का हवाला देकर स्नान करने से मना किया, लेकिन रविशंकर ने कहा कि उसे तैरना आता है। इसके बाद दोनों नदी में उतरे और यह हादसा हो गया। डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मुख्य घाट से गोताखोर बाबूलाल मंगल, संजय केवट व प्रदीप केवट को बुलाया। गोताखोरों ने तट से करीब 100 फीट दूर गहरे पानी से शव बरामद कर बाहर निकाला। बड़वाह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़वाह सिविल अस्पताल भिजवाया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।



### निपुण भारत मिशन के तहत प्राथमिक विद्यालय बलखड़ बुजुर्ग में एफएलएन मेला आयोजित

**बिस्टान, निप्र।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत गुरुवार को भगवानपुरा विकासखंड के संकुल की शासकीय प्राथमिक विद्यालय बलखड़ बुजुर्ग में एफएलएन (मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में छात्र पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी तथा बच्चों का कोना विषयों पर आकर्षक स्टॉल लगाए गए। विद्यार्थियों ने गतिविधियों एवं शैक्षणिक प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में खण्ड स्त्रोत समन्वयक श्री राजेश कानूनगो विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शाला प्रभारी 'श्री राजकुमार सिसोदिया' द्वारा किया गया।इस अवसर पर सहयोगी शिक्षक *राजेश पाटीदार, रेखा चौहान एवं रजनी सुलिया* उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। विद्यालय परिवार द्वारा अभिभावकों को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों एवं बच्चों में मूलभूत अधिगम कौशल विकसित करने की आवश्यकता से अवगत कराया गया। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का जनशिक्षक कैलाश देवड़े द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# महिलाओं ने किया आंवला नवमी पर पूजन

## आंवले पेड़ की छावं में बैठकर व्रत खोला



**नवभारत न्यूज**

**बडवाह।** दीपावली पर्व के नौवें दिन गुरुवार को नगर में आंवला नवमी पर्व मनाया गया। यह खासतौर पर महिलाओं का त्योहार है। बड़ी संख्या में महिलाओं ने विधि-विधान से आंवले के पेड़ का पूजन किया और नवमी की कथा का श्रवण किया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तिथि तक भगवान विष्णु आंवला के पेड़ में निवास करते हैं। इसलिए इस दिन आंवला के पेड़ की पूजा अर्चना की जाती है। नावघाट खेडी स्थित डेहरिया के सुन्दरधाम में बड़ी संख्या में महिलाओ ने एक साथ पहुंचकर आंवला नवमी पर पूजा-अर्चन किया। तो वही विभिन्न आश्रमों में भी महिलाओं ने आंवला नवमी की पूजा कर उसकी छाँव में भोजन भी किया। इस दिन राधा कृष्ण व पीपल पथवारी की पूजा कर परिक्रमा देकर भोजन कर उपवास खोला जाता है। इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। महिलाओं ने अन्न और फल-फूल का दानकर इस पर्व को मनाया। मान्यता है, इससे आरोग्य, सुख-शांति और अखंड सौभाग्य, संतान सुख की प्राप्ति होती है। आंवला नवमी के पूजन के दौरान महिलाओं ने पेड़ की परिक्रमा लगाकर धागा बांधा और उसके बाद परिवार सहित भोजन किया। इसके अलावा शहर के प्रसिद्ध मां बड़ी देवी मंदिर में भी सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने परिवारजनों के साथ यहां पहुंची और आंवले के पेड़ का पूजन करने के बाद भोजन किया।

## परिवार के साथ किया भोजन



**खरगोन।** कार्तिक मास में तीज- त्यौहारों का दौर जारी है। गुरुवार को महिलाओं ने अक्षय नवमी पर आवंले के पेड़ का पूजन कर परिवार की सुख- समृद्धि की कामना की। सुबह से ही बाग- बगीचों, घर- आंगन में लगे आंवले के वृक्ष के नीचे महिलाओं के पूजन करने का दौर शुरु हुआ जो दोपहर तक जारी रहा। ज्योति नगर में भी महिलाओं ने सामूहिक रुप से पूजन किया। यहां पूजन के लिए पहुंची समाजसेविका अनिता मालवीया, ज्योति ओसवाल, प्रभा राठौर ने बताया सनातनी संस्कृति एक मात्र ऐसी संस्कृति है, जिसमें जीव- जंतू, पेड़-पौधों में भी देवी- देवताओं का वास मानकर पूजा जाता है। आज के दिन आंवले के वृक्ष के नीचे पूजा .अर्चना और परिवार समेत भोजन करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। लता गुप्ता, प्रभा राठौर, प्रिया मालवीय, पुष्पा गुप्ता, शकुंतला गोले, राखी एवं संगीता सोनी ने बताया आंवला नवमी खासतौर पर महिलाओं का त्योहार है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तिथि तक भगवान विष्णु आंवला के पेड़ में निवास करते हैं। इसलिए इस दिन आंवला के पेड़ की पूजा-अर्चना की जाती है। इसी तरह सब्जी मंडी पार्क में पूजन के लिए पहुंची रुपाली राठौड़, लाड़की बाई यादव, पार्वती यादव, रेखा जोशी आदि ने भी विधि .विधान से आंवले के पेड़ का पूजन किया और नवमी की कथा का श्रवण किया।

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई , 2 .75 लाख की मदिरा और 26 क्विंटल महुआ लहान जब्त

## 8 केस दर्ज, 2 आरोपी गिरफ्तार , कलेक्टर के निर्देश पर चार वृत्त के आबकारी दल ने दी दबिश

**महेश्वर, निप्र।** जिला कलेक्टर भव्या मित्तल की सख्ती और सहायक आयुक्त आबकारी के विशेष निर्देशों के बाद, अवैध मदिरा के विनिर्माण और विक्रय पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शनिवार 30 अक्टूबर 2025 की अलसुबह खरगोन जिले के महेश्वर में एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के वृत्त महेश्वर, सनावद, कसरावद और बड़वाह के संयुक्त दल ने चिन्हित अवैध अड्डों पर एक साथ दबिश दी। वृत्त प्रभारी देवराज नगीना (आबकारी उपनिरीक्षक) के नेतृत्व में दल ने महेश्वर के ग्रामीण क्षेत्रों - जलकोटा, बुड़कीपुरा, बंडापुरा भकलाय, कुसुंभिया, शहरी क्षेत्र के जेल रोड पर छापा मारा। यह कार्रवाई अवैध मदिरा के विनिर्माण और बिक्री के लिए कुख्यात स्थानों पर केंद्रित थी।



### कार्रवाई के दौरान अवैध सामग्री जब्त की गई

- हाथभट्टी मदिरा 52 बल्क लीटर
- देशी/विदेशी शराब 12.16 बल्क लीटर
- कच्चा माल (महुआ लहान) 2600 किलोग्राम
- 2.75 लाख का माल जब्त, अपराधियों पर शिकंजा
- जब्त की गई संपूर्ण मदिरा और महुआ लहान का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग रु.2,75,000/- आंका गया है।इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क के तहत कुल 08 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही, अवैध गतिविधियों में संलिप्त दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन

इस बड़ी कार्रवाई को सहायक आयुक्त आबकारी के निर्देशानुसार और प्रभारी अधिकारी नियंत्रण कक्ष के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। कार्रवाई दल में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अजयपाल सिंह भदौरिया, आबकारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय व शिवम चौरसिया सहित संबंधित वृत्तों के मुख्य आरक्षक व आरक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भगवानपुरा ब्लाक में एफएलएन मेले का आयोजन किया

**बिस्टान, निप्र।** विकासखंड भगवानपुरा में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड की समस्त 371 प्राथमिक शालाओं में एफ एल एन मेले आयोजित किया गए. कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों को आधारभूत भाषा एवं गणित की दक्षताएं एवं कौशल सिखाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मिशन अंकुर अभियान के तहत एफ एल एन कार्यक्रम चलाया जा रहा है. पालकों की सहभागिता और बच्चों के सीखने के स्तर को अभिभावकों के साथ में साझा करने के लिए नवाचार के रूप में इस मेले की गतिविधि प्रतिवर्ष सत्र में दो बार आयोजित की जाती है। सत्र 2025-26 के लिए यह प्रथम मेला आयोजित किया गया. मेले में पालकों, अभिभावकों के लिए भी अनेक मनोरंजक गतिविधियों आयोजित की गई.विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बलखड़ खुर्द, सोलंकी फलिया,, आदिवासी फाल्या एवं मदनीखुर्द में आयोजित मेले में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश कानूनगो द्वारा सहभागिता की जाकर बच्चों, पालकों और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया. बलखड़ खुर्द में अवलोकन के दौरान जनशिक्षक कैलाश देवडे, विद्यालय के प्रधान पाठक राजकुमार सिसौदिया, अभिभावक भी उपस्थित थे. इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधि-आधारित स्टॉल्स लगाए गए।

**ब्रह्मलीन श्री सुंदरदास महाराज की 33 वीं पुण्यतिथि**

## बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे सुंदरधाम आश्रम, प्रतिमा दर्शन कर भंडारा प्रसादी ग्रहण की



**बडवाह, निप्र।** सुंदरधाम आश्रम में परम पूज्य ब्रह्मलीन सुंदरदास जीह्य बाबाजी की 33 वी पुण्यतिथि भी मनाई गई। इस अवसर पर परम पूज्य श्री श्री 1008 महंत बालकदास जी महाराज के सानिध्य में गुरूजी की प्रतिमा का अभिषेक एवं पूज्य अर्चन हुआ। मंदिर को फूलो से सजाया गया था। दोपहर 12 बजे महाआरती हुई। इसके बाद विशाल भंडारा हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। आश्रम पहुंचकर गुरुजी की प्रतिमा के दर्शन किया। साथ ही महामंडलेश्वर बालकदास जी महाराज का आशीर्वाद भी लिया।

## स्व . सरदार वल्लभाई पटेल व स्व . इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**सनावद।** कांग्रेस कमिटी सनावद द्वारा 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे, जबकि आयरन लेडी के नाम से विख्यात प्रियदर्शनी 'श्रीमती इंदिरा गांधी' की पुण्यतिथि पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर *नरेंद्र पटेल, इंदर बिरला, जय शिंदे, शेख साकरिन, नकुल पटेल, रवि यादव, मुकेश कौशल, आफताब हिलाल, पवन इंगला, मुस्तन अली बोहरा, भूपेंद्र पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## अष्टानिका पर्व पर कर्म दहन मंडल विधान संपन्न

**सनावद, निप्र।** कार्तिक माह की अष्टानिका पर्व के पावन अवसर पर नगर में विराजमान मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज के सानिध्य में कर्म दहन मंडल विधान रचाया गया। सन्मति जैन काका ने बताया कि जैन धर्म में वर्ष में तीन बार अष्टानिका पर्व मनाया जाता है। इस क्रम में कार्तिक अष्टानिका में युगल मुनिराज के मार्गदर्शन में संपन्न विधान में 148 अर्घ्य समर्पित किए गए। कर्मदहन विधान वह पूजा-अनुष्ठान है जिसके द्वारा आत्मा से बंधे आठ कर्मों को जलाकर नष्ट करने का प्रयास किया जाता है। इसका अंतिम फल मोक्ष प्राप्ति है। विधान रचाने का सौभाग्य मंजुला भुंच, ज्योतिबाला धनोते, प्रभा लश्करे, हेमलता मुंशी, मीना जटाले एवं राजकुमारी सराफ को मिला। प्रशांत जैन, अचिंत्य जैन, संगीता पाटोदी, प्रतिभा जैन, सुनीता लश्करे, रेखा जैन, साधना मुंशी सहित समस्त समाजजन उपस्थित रहे।



## बड़वाह में विद्युत कंपनी के ग्रिड पर लगी आग, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई गई

**बड़वाह, निप्र।** महेश्वर रोड स्थित विद्युत कंपनी के ग्रिट परिसर में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने से परिसर में रखे स्क्रैप और पुराने टायरों में तेज लपटें उठीं और धुएं का गुबार दूर से दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस और नगर परिषद के अग्निशमन दल को सूचना दी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 11 बजे क्षेत्रीय भंडार गृह के गोदाम से निकले स्क्रैप के ढेर में अचानक अज्ञात कारणों से आग भड़क गई। स्क्रैप में टायरों सहित अन्य अनुपयोगी सामग्री रखी थी। आग लगते ही आसपास के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और सभी ने सुरक्षित दूरी बना ली। धुएं का गुबार कुछ ही मिनटों में आसमान तक फैल गया, जिसे शहर के कई हिस्सों से देखा जा सकता था।घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद के अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। फायर टीम के मोहम्मद अतीक शेख, भूरेसिंह सोलंकी, पिंटू और अन्य कर्मियों ने बारी-बारी से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। इस दौरान नगर पालिका के अग्निशमन दल व टैंकर से कुल मिलाकर लगभग नौ हजार लीटर पानी का उपयोग आग बुझाने में किया गया। दोपहर एक बजे तक भी आग बुझाने का प्रयास जारी रहा।



**एक नजर में** — भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# मुझ जैसे गरीब कार्यकर्ता का सम्मान भाजपा में ही संभव : श्यामजी महाजन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन।** मुझ जैसे गरीब कार्यकर्ता को जो सम्मान मिला है वह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। मेरा जो स्वागत हुआ है उसके लिए आप सभी का जीवन भर आभारी रहूंगा। इस अवसर पर कहना चाहता हूं कि कभी पद की अत्यधिक अपेक्षा न रखें। संगठन की अनेक आंखें हैं, और वह आपके कार्य व योग्यता का भी मूल्यांकन कर रही है। यह बात नवनियुक्त भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्यामजी महाजन ने गुरुवार को प्रथम खरगोन नगर आगमन के अवसर पर जिला कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में कही। सर्वप्रथम श्री महाजन ने कार्यालय के मंच को दंडवत प्रणाम किया। उद्बोधन में भावुक होते हुए कहा मैंने अत्यंत गरीबी का समय देखा है। जब मैं समयदानी कार्यकर्ता के रूप में दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों के प्रवास पर जाता था तब मुझे अनेक वरिष्ठजन आर्थिक मदद करते थे।

मैं उनका उपकार जीवन भर नहीं भूल सकता हूं। श्री महाजन ने संगठन निर्माण में कुशाभाऊ ठाकरे, राजाभाऊ बागदरे जैसे अनेक वरिष्ठजन के योगदान का स्मरण करते हुए कहा मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि संगठन कार्यों के अतिरिक्त भी किसी को मुझसे कोई कार्य होगा तो उसकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया इससे पूर्व श्री महाजन के खरगोन आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने वाहन रैली के साथ उनका भव्य स्वागत किया। श्री महाजन का जिले में खलटांका से प्रवेश हुआ। वे बालसमुद, कसरावद, लोहारी, मेनगांव होकर वे कुंदा तट खरगोन स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पहुंचे। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे, नपाध्यक्ष छाया जोशी के साथ श्री सिद्धिविनायक गणेशजी की पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात वाहन रैली के साथ किला गेट, सराफा, एमजी रोड, बस स्टैंड होते हुए कार्यालय पहुंचे। मार्ग में अनेक स्थानों पर मंच लगाकर श्री महाजन का स्वागत किया गया।



जिला कार्यालय आगमन पर मातृशक्ति द्वारा तिलक लगाकर श्री महाजन की अगवानी की गई। मंचासीन श्री महाजन, जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मे, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुलाल महाजन, रणजीतसिंह डंडीर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश पटेल, नपाध्यक्ष श्रीमती जोशी, जिला मंत्री चंदरसिंह वास्कले आदि ने भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसादजी व पंडित दीनदयालजी के चित्र का पूजन किया। श्री महाजन का मंचासीन अतिथियों सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने श्री महाजन का पुष्पहार से स्वागत किया। श्रीमती ब्राह्मणे ने श्री महाजन को नारियल की भांति बाहर से कठोर व अंदर से कोमल बताया। उन्होंने कहा खरगोन जिले की ओर से उन्हें आश्वस्त करती हूं कि सारे कार्यकर्ता आपके मार्गदर्शन में चलेंगे।